**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Criminal Miscellaneous (Petition) No. 983/2026

Kailash Chand Bohra S/o Shri Sohan Singh, Resident Of Village Toshina, Police Station Khunkhuna, Tehsil Didwana, Distt. Didwana, Presently Resident Of 49, Sain Colony, Prem Nagar, Jhotwara, Jaipur, Then Assistant Commissioner Of Police, Women Investigation Cell, Jaipur East, Jaipur Commissionerate, Jaipur.

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan, Through Public Prosecutor.

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Raj Kumar Garhwal<br>Mr. Nishant Sharma |
| For Respondent(s) | : | Mr. Manvendra Singh, |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE CHANDRA PRAKASH SHRIMALI**

**<u>Order</u>**

**<u>27/02/2026</u>**

प्रार्थी/अभियुक्त के विद्वान अभिभाषक का तर्क रहा है कि अनुसंधान अधिकारी ने उनके और उनके परिवार यानी पुत्र और पुत्री के संपत्ति के संबंध में अनुसंधान नहीं किया है, वरन उनके माता–पिता व अन्य व्यक्तियों जो संपत्ति का उनके सरकारी सेवा में आने से पूर्व प्रार्थी/अभियुक्त की बताकर अनुसंधान किया है। इस संबंध में प्रार्थी/अभियुक्त ने दिनांक 08.12.2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एस.यू. द्वितीय, जयपुर को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था, लेकिन उस पर अनुसंधान अधिकारी द्वारा कोई अन्वेषण नहीं किया गया है। अतः उनके अभ्यावेदन दिनांक 08.12.2025 पर अन्वेषण या प्रार्थी/अभियुक्त की स्वयं की और उनके परिवार पत्नी एवं बच्चों की संपत्ति के संबंध में अनुसंधान किए जाने हेतु निर्देशित किया जावे।

विद्वान लोक अभियोजक का तर्क है कि प्रार्थी/अभियुक्त के दिनांक 08.12.2025 प्रार्थना पत्र पर उपरोक्तानुसार अनुसंधान कर लिया जाएगा।

अतः संबंधित थानाधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वे याची के स्वयं व उनके परिवार यानी पत्नी एवं बच्चों के संबंध में अनुसंधान कर अभ्यावेदन दिनांक 08.12.2025 के संबंध में अनुसंधान करें।

प्रकरण चार सप्ताह पश्चात पुनः सूचीबद्ध किया जावे।

(CHANDRA PRAKASH SHRIMALI),J

KISHAN SONI /01